font>

Title: Need to allocate additional funds to facilitate early completion of Ahmednagar-Beed-Parli new Railway line in Maharashtra.

श्री जयसिंगराव गायकवाड पाटील (बीड) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे चुनाव क्षेत्र बीड-महाराट्र में अहमदनगर-बीड-परली (वैद्यनाथ) नई रेल लाइन का निर्माण होने जा रहा है। इसे 1996 में मंजूरी मिली है। 1996 से अभी तक का इस रेल लाइन के लिए बजट में जो प्रावधान किया गया है वह बहुत ही कम है। इसी कारण बीड लोक सभा चुनाव क्षेत्र के जनसाधारण में असंतोा पैदा हो चुका है।

अनेकों प्रयासों के बाद सन् 2002-2003 में 15 करोड़ व 2003-2004 में केवल 15.37 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया गया है। अहमदनगर की ओर से नारायणडोह तक कुछ मात्रा में निर्माण कार्य आरंभ हुआ है, लेकिन उसकी गति बहुत ही धीमी है। कार्य गतिमान होने की आवश्यकता है। देश में सबसे पिछड़े हुए बीड लोक सभा चुनाव क्षेत्र की आम जनता की सारी आस इस रेल लाइन निर्माण के कार्य पूर्ति पर लगी है ताकि रेल आने से क्षेत्र में रोजगार की उपलब्धतता व विकास होगा।

अतः मेरा आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि वे अभी तक की 30.37 करोड़ रुपये की राशि उपरोक्त अहमदनगर-बीड-परली (वैद्यनाथ) इस नई रेल लाइन के निर्माण में मार्च 2004 तक खर्च करें व 2004-2005 के बजट में इस लाइन के निर्माण की आवश्यकता को स्वीकार कर 100 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान करने का कट करें।